# सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
**SECURITY PRINTING AND MINTING CORPORATION OF INDIA LIMITED**

(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन / Wholly owned by Govt. of India)


निमु/रा.भा./10/2025/2864 दिनांक: 30.12.2025

## संदेश

**प्रिय साथियों,**

**आप सभी को नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

नए वर्ष में कदम रखते हुए, मैं गत वर्ष के दौरान आप सभी के द्वारा संगठन के प्रति दर्शाये गए परिश्रम, रचनात्मकता और समर्पण के लिए धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूँ। आशा है कि आगामी वर्ष में आपका जीवन नई उमंग, नए उत्साह तथा शानदार उपलब्धियों से परिपूर्ण हो।

मैं कंपनी के लिए वर्ष 2026 में विकास एवं समृद्धि की कामना करता हूँ। इसके लिए मेरी आप सभी से अपेक्षा है कि संगठन में श्रेष्ठता कायम करने और निर्णय लेने हेतु हम एकजुट होकर अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ें और अपने ग्राहकों या हितधारकों को वरीयता देते हुए अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति करें। हर चुनौती को सफलता के अवसर में बदलने के लिए नवाचार और टीमवर्क के साथ कार्य करें।

आपके परिवार और आपके लिए यह वर्ष खुशियों, समृद्धि और सफलता से भरा हो और अंत में मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना करता हूँ।

**(विजय रंजन सिंह)**
**अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक**


तृतीय तल, टावर -जी, विश्व व्यापार केंद्र, नौरोजी नगर, नई दिल्ली/ 3rd Floor, Tower-G, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi – 110029 ☎ 011-43582200, Web. - www.spmcil.com,



CIN : U22213DL2006GOI144763, GST NO. 07AAJCS6111J3Z8 (सेवाएं/Service), 07AAJCS6111J2Z9(सामान/Goods)


"राजभाषा में पत्राचार का स्वागत है।"